# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (20.01.2025)**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 20.01.2025, PAGE-07**

# पीजी में आवेदन की आज अंतिम तारीख

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में पीजी में दाखिले के लिए सोमवार को अंतिम तारीख है। जिन छात्रों का रिजल्ट पेंडिंग है और जिनके पास आरटीआई के तहत कॉपियां नहीं आई हैं, वह पीजी में दाखिले के आवेदन से चूक गये हैं।

विवि प्रशासन ने दाखिले के लिए आवेदन की तारीख अबतक नहीं बढ़ाई है। आवेदन की तारीख नहीं बढ़ने से ऐसे छात्र परेशान हैं। ऐसे छात्रों का कहना है कि विवि अगर तारीख नहीं बढ़ायेगा तो हम पीजी में नामांकन नहीं ले सकेंगे। सत्र 2021-24 में सैकड़ों छात्रों के रिजल्ट पेंडिंग हो गये थे। इन छात्रों का पेंडिंग अभी ठीक नहीं हुआ है। पीजी में दाखिले के लिए 15 हजार आवेदन आये हैं। पीजी में 11 हजार सीटों पर दाखिला लिया जाना है।

**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN
MUZAFFARPUR
DATE:20.01.2025
PAGE-04


## समर्थ पोर्टल के लिए पीजी विभागों का बनेगा कोड

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: समर्थ पोर्टल से बीआरए बिहार विश्वविद्यालय को जोड़ने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पोर्टल पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रेशन के बाद लागइन आइडी और पासवर्ड उपलब्ध करा दिया गया है। अब इस आधार पर पोर्टल के तहत विभिन्न बेस माड्यूल तैयार किए जाने हैं। इस कड़ी में विश्वविद्यालय के विभिन्न पीजी विभागों का डाटा जोड़ा जाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय स्तर से विभिन्न विभागों का कोड तैयार किया जाएगा। बताया जा रहा है कि अब नए सिरे से कोड तैयार होगा। यह अल्फा-न्यूमेरिक माडल पर आधारित हो सकता है। सभी पीजी विभागों को नया कोड तैयार किया जाना है। इसके लिए प्रक्रिया शुरू होनी है। कोड जेनरेट होने के बाद पीजी विभागों में कार्यरत शिक्षकों से लेकर कर्मचारियों के रिकार्ड की एंट्री की जाएगी। बेस माड्यूल तैयार करने में कोई परेशानी आएगी तो समर्थ पोर्टल की ओर से समाधान किया जाएगा। समर्थ पोर्टल से राज्य के सभी विश्वविद्यालयों को जोड़ा जाना है। नामांकन से लेकर रिजल्ट तक एक ही पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाना है।


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE : 20.01.2025, PAGE-04


## बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में कैंटीन का उद्घाटन आज

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को कैंटीन का उद्घाटन होगा। कुलपति प्रो. डीसी राय नए कैंटीन का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर विश्वविद्यालय के अधिकारी समेत अन्य उपस्थित होंगे। कैंटीन का संचाल नए सिरे से किया जा रहा है। इसकी शुरुआत होने से दूरदराज से विश्वविद्यालय पहुंचने वाले छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को फायदा होगा। परीक्षा में शामिल होने समेत अन्य कार्यों के लिए कैंपस में पहुंचने वाले छात्र-छात्राओं को नाश्ता समेत अन्य जरूरतों के लिए इधर- उधर भटकना पड़ता है। पिछले दिनों कैंटीन की शुरुआत हुई थी, लेकिन कुछ ही दिनों में यह बंद हो गई थी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE:20.01.2025, PAGE-04

# समर्थ पोर्टल से बीआरएबीयू को जोड़ने की कवायद शुरू

**मुजफ्फरपुर.** समर्थ पोर्टल से बीआरएबीयू को जोड़ने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है. पोर्टल पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रेशन के बाद लॉगिन आइडी और पासवर्ड उपलब्ध करा दिया गया है. अब इस आधार पर पोर्टल के तहत विभिन्न बेस माड्यूल तैयार किया जाना है. इस कड़ी में विश्वविद्यालय के विभिन्न पीजी विभागों का डाटा जोड़ा जायेगा. इसके लिए विश्वविद्यालय स्तर से विभिन्न विभागों का कोड तैयार किया जायेगा. बताया जा रहा है कि अब नए सिरे से कोड तैयार होगा.यह अल्फा-न्युमरिक माडल पर आधारित हो सकता है. सभी पीजी विभागों को नया कोड तैयार किया जाना है. इसके लिए प्रक्रिया शुरू होनी है. कोड जेनरेट होने के बाद पीजी विभागों में कार्यरत शिक्षकों से लेकर कर्मचारियों के रिकार्ड की एंट्री की जायेगी. बेस माड्यूल तैयार करने में अगर कोई परेशानी आएगी तो समर्थ पोर्टल की ओर से इसका समाधान किया जायेगी. समर्थ पोर्टल से बीआरए बिहार विश्वविद्यालय समेत राज्य के सभी विश्वविद्यालयों को जोड़ा जाना है. इस पोर्टल पर नामांकन से लेकर रिजल्ट तक एक ही पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाना है. इसको लेकर उच्च शिक्षा विभाग की ओर से पहले ही सभी विश्वविद्यालयों को निर्देश जारी किया जा चुका है.